2073
03.09.2024

बिहार सरकार
बिहार कौशल विकास मिशन
श्रम संसाधन विभाग।

आदेश

बिहार सरकार के बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा महत्वाकांक्षी कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम Recruit-Train-Deploy (RTD) योजना संचालित है जिसके अन्तर्गत M/s Quess Corp Limited को बिहार में प्रशिक्षण केंद्रों के संचालन की अनुमति "Letter of Award" (LOA) संख्या–BSDM/RTD-43/2022-1282 दिनांक–10.11.2022 एवं एकरारनामा दिनांक–16 जनवरी 2023 के माध्यम से Construction Sector के Form worker Carpentry एवं Barbender & Steel fixer कोर्स में दी गई। इसी क्रम में पुनः LOA संख्या–BSDM/RTD-43/2022-1635 दिनांक–05.09.2023 एवं एकरारनामा दिनांक–05 अक्टूबर 2023 के माध्यम से Construction Sector के ही दो अन्य कोर्स Assembly Line Operator एवं Warehouse Picker में भी प्रशिक्षण चलाने की अनुमति दी गई।

M/s Quess Corp Limited के द्वारा Batch ID-11069 एवं Batch ID-11060 के विरूद्ध समर्पित नियोजन संबंधी दस्तावेज के जॉच के क्रम में दो उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं श्री अजीत कुमार एवं श्री चितरंजन कुमार के द्वारा बताया गया कि न तो इनको किसी प्रकार की नौकरी दी गई है और न ही नौकरी के विरूद्ध इनके बैंक खाते में किसी प्रकार का कोई भुगतान किया गया है जबकि M/s Quess Corp Limited के द्वारा इन दोनों प्रशिक्षुओं को नौकरी देने एवं इनके बैंक खाते में वेतन का भुगतान किये जाने के संबंध में बिहार कौशल विकास मिशन को प्रतिवेदित एवं दस्तावेज समर्पित किया गया था।

इस हेतु M/s Quess Corp Limited से कार्यालय पत्रांक–906 दिनांक–09.04.2024 द्वारा प्रशिक्षुओं अजीत कुमार (Batch ID-11069) एवं चितरंजन कुमार (Batch ID-11060) के नियोजन से संबंधित उनके द्वारा समर्पित दस्तावेजों को स्पष्ट करने हेतु कहा गया एवं तीन माह का बैंक खाता विवरणी (जिसमें वेतन की राशि परिलक्षित हो), PF/ESI विवरणी (जिसमें PF/ESI की राशि कटौति की गई हो) एवं संबंधित अन्य दस्तावेज जमा करने हेतु निदेशित किया गया ।

M/s Quess Corp Limited द्वारा कोई जवाब नहीं देने के कारण कार्यालय पत्रांक–1023, दिनांक–30.04.2024 के द्वारा उन्हें पुनः स्मारित करते हुए उक्त दोनों प्रशिक्षुओं श्री अजीत कुमार (Emp ID-2002538009) एवं श्री चितरंजन कुमार (Emp ID-2002538106) के नियोजन के संबंध में समर्पित दस्तावेजों को जमा करने हेतु निदेशित किया गया।

M/s Quess Corp Limited के द्वारा दिनांक–02.05.2024 को पत्र के माध्यम से स्पष्टीकरण का जवाब दिया गया जिसमें लिपिकीय भूल बता कर उपरोक्त वर्णित दोनों प्रशिक्षुओं के नियोजन को न मानने का अनुरोध किया गया। बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा इस स्पष्टीकरण को संतोषप्रद नहीं पाया गया क्योंकि लिपिकीय भूल के कारण केवल Placement Data की सूची में नाम अंकित हो सकता है, न कि सैलरी स्लिप जो कर्मी के काम करने के उपरान्त बनता है, जेनरेट हो सकता है। साथ ही, कर्मियों का स्वघोषणा पत्र भी भूलवश नहीं बनाया जा सकता है। जॉचोपरान्त यह स्पष्ट है कि फर्जी कागजातों को जमा कर भुगतान प्राप्त करने हेतु M/s Quess Corp Limited के द्वारा धोखाधड़ी की गई ।

बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा कार्यालय पत्रांक–BSDM/RTD भुगतान–44/2023–1222 दिनांक–03.06.2024 के द्वारा फर्जी कागजातों को जमा करने के कारण M/s Quess Corp Limited से स्पष्टीकरण पूछा गया कि क्यों नहीं उनको आवंटित "Letter of Award" एवं एकरारनामा को तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए उन्हें अगले दो वर्ष के लिए बिहार कौशल विकास मिशन के किसी भी कार्यक्रम में शामिल होने से वंचित कर दिया जाये।

M/s Quess Corp Limited के द्वारा दिनांक–12.08.2024 को पत्र के माध्यम से स्पष्टीकरण समर्पित किया गया जिसमें अनेक बिन्दुओं का जिक्र किया गया लेकिन फर्जी कागजात जमा करने एवं बिहार कौशल विकास मिशन एवं उपरोक्त वर्णित दोनों प्रशिक्षुओं के साथ धोखाधड़ी के मुख्य बिन्दु पर कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया।

अतः समीक्षोपरान्त M/s Quess Corp Limited को बिहार कौशल विकास मिशन से धोखाधड़ी करने एवं फर्जी कागजातों को जमा करने के कारण RTD योजना के तहत दिये गये LOA एवं एकरारनामा को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है तथा अगले दो वर्ष के लिए बिहार कौशल विकास मिशन के किसी भी कार्यक्रम में शामिल होने से वंचित किया जाता है।

उपरोक्त आदेश पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है। 3/9/24

मिशन निदेशक
बिहार कौशल विकास मिशन

ज्ञापांक–BSDM/ RTD भुगतान –44 / 2023 (Part A)–2073 पटना, दिनांक–03.09.2024

प्रतिलिपि– M/S Quess Corp LTD.Quess House 3/3/2, Bellandur Gate, Sarjapura road, Bangaluru, Karnataka-560103 को सूचनार्थ प्रेषित।

2. Project Director, E&Y को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. मिशन प्रबंधक (वित एवं लेखा)/मिशन प्रबंधक (परियोजना) को सूचनार्थ प्रेषित।
4. KRA & Co. FMAS Cons (BSDM) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. सचिव, श्रम संसाधन विभाग के आप्त सचिव को सादर सूचनार्थ।

3/9/24

मिशन निदेशक
बिहार कौशल विकास मिशन